कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II द्वारा एक दिवसीय किसान मेला एवं किसान गोष्ठी का आयोजन

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई द्वितीय द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत जागरूकता किसान मेला एवं किसान गोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र परिसर पर किया गया। **कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय सांसद मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र श्री अशोक रावत जी** द्वीप प्रज्वलन के साथ परिसर में रूद्राक्ष के वृक्षारोपण करने के पश्चात किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को भारत सरकार के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने चाहिए। आज माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत विकास की और अग्रसर है। उन्होंने किसानों को कहा कि आप लोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि सरकार द्वारा आपके क्षेत्र में जनपद का दूसरा कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है। उन्होंने किसानो को प्रोत्साहित किया कि कृषि विज्ञान केंद्र से विभिन्न तकनीक की जानकारी लेकर खेती में उपयोग करें तथा केंद्र का फायदा ले।

कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ पंकज नौटियाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए, कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों पर जानकारी देते हुए किसानो से सहयोग की अपील की तथा आश्वासन दिया की कृषि विज्ञान केंद्र, केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के निदेशक महोदय के निर्देशन में नई-नई कृषि तकनीक को किसानों तक पहुंचाता रहेगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के अध्यक्ष डॉ ए के दुबे ने केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित ऊसर में बोयीजाने वाली प्रजातियां के बारे में किसानों को जानकारी दी। मुख्य अतिथि द्वारा जनपद के पांच प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया, जिनमे श्री सर्वेन्द्र सिंह, श्री ओमप्रकाश मौर्य, श्री सचिन कुमार, श्रीमती मुन्नी

देवी एवं मो मजीद शामिल थे। तकनीकी सत्र में विभिन्न विषयों पर क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिकों डॉ सी एल वर्मा, डॉ अनूप दीक्षित, डॉ एस के झा जी द्वारा किसानो को तकनीकी जानकारी दी गयी। मृदा स्वास्थ्य पर कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डॉ त्रिलोकनाथ राय ने विस्तार से चर्चा की डॉ त्रिलोक सिंह अपनी फसल अवशेष प्रबंधन के फायदे पर जानकारी दी। मोटे अनाजों की खेती से स्वास्थ्य सुरक्षा पर केंद्र की विशेषज्ञ अंजलि साहू ने जानकारी दी। एच सी एल फाउंडेशन के ज्ञानेंद्र जी ने अपने संस्थान की गतिविधियों के बारे में किसानों को जानकारी दी। उद्यान विभाग के श्री नरेंद्र जी ने उद्यान विभाग की योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी देते हुए उद्यानिकी फसलों को फसल चक्र में सम्मिलित करने का आग्रह किया पशुपालन विभाग द्वारा किसाने हेतु जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाया गया | कृषि विभाग के रविकांत मिश्रा द्वारा बीज की गुणवत्ता पर चर्चा की गई | कार्यक्रम में रवि प्रकाश यादव, ए डी एजी भरावन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सत्येंद्र यादव, अनामिका, परमेश्वर, सुनील, उमेश द्वारा सहयोग किया गया। मेले में जनपद के विभिन्न गांव बरैया, ढिकुन्नी, लाला मऊ शिवपुरी, सरवा, मदारी खेड़ा, गंगापुर, परसा, गुडा पट्टी, मानपुर, महमदापुर ,किनिटी, नरोहिया, सहिगवा, भूडखेडा के 350 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।